समाचार

# शासन की योजनाओं का त्रुटिरहित क्रियान्वयन एवं जनसमस्याओं का त्वरित निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ करें – आयुक्त

## (आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने अधिकारियों की बैठक लेकर शासकीय योजनाओं की कार्यप्रगति, जनसमस्याओं के निराकरण, समयसीमा, जनचौपाल, जनशिकायत, पी.जी.एन. प्रकरणों आदि के निराकरण की समीक्षा की)




कोरबा 21 अप्रैल 2022 – आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने निगम के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का त्रुटिरहित क्रियान्वयन कर पात्र लोगों तक उनका लाभ पहुंचाने तथा जनसमस्याओं का सतुष्टिपूर्ण त्वरित निराकरण संबंधी कार्यो को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ कराया जाना सुनिश्चित करें। समयसीमा के प्रकरणों तथा जनशिकायतों से जुड़े मामलों का निराकरण समयसीमा के अंदर कराएं तथा यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें कि आमजन अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए अनावश्यक रूप से परेशान न हों, समय पर उनकी समस्याओ ंका निरकारण हो जाए।

आज आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में निगम के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होने शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की कार्यप्रगति, जनसमस्याओं से संबंधित आवेदनों एवं प्रकरणों, टी.एल., जनचौपाल, पी.जी.एन., जनशिकायत आदि से संबंधित प्रकरणों के निराकरण की बिन्दुवार विस्तार से समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना, श्री धन्वंतरी योजना, गोधन न्याय योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा के साथ–साथ शासन की विभिन्न पेंशन योजनाओं, जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र, नामांतरण प्रकरणों, निगम के भवन भूखण्ड दुकान के व्ययन संबंधी प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होने अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए क हा कि वार्डो में लगाए जाने वाले मोबाईल मेडिकल यूनिट शिविर की नियमित मानीटरिंग करें, डॉक्टर्स व अन्य स्टाफ समय पर पहुंचे, सभी दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित हों तथा इलाज कराने हेतु पहुंचने वाले नागरिकों से सम्मानजनक व्यवहार किया जाए। उन्होने कहा कि श्री धन्वंतरी योजना अंतर्गत संचालित श्री धन्वंतरी मेडिकल स्टोर्स समय पर खुलें, ग्राहकों को दवाओं पर निर्धारित छूट अनिवार्य रूप से मिले, यह सुनिश्चित करें। आयुक्त श्री पाण्डेय ने गोधन न्याय

योजना अंतर्गत गोबर की खरीदी, कम्पोस्ट निर्माण व बिक्री तथा प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवासगृहों के निर्माण व आबंटन संबंधी कार्यप्रगति की समीक्षा करते हुए कार्यो में आवश्यक गति लाने के निर्देश दिए। उन्होने निगम के भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की समीक्षा की तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भवन छूटे हुए हों, उनमें तुरंत वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित कराएं।

**बढ़ती गर्मी, लू से बचाव, प्याऊ संचालन पर फोकस** – बैठक के दौरान आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गर्मी का प्रकोप बढ़ रहा है, तापमान में निरंतर वृद्धि हो रही है, अतः राज्य शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुरूप आमनागरिकों को लू से बचाव संबंधी उपायों पर कार्य करें, उपायों से संबंधित फ्लैक्स बैनर लगाएं, निगम द्वारा स्थापित प्याऊ का निर्वाध रूप से संचालन हों, प्याऊ में अनिवार्य रूप से निर्धारित समय तक कर्मचारी की उपस्थिति रहे, प्याऊ में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था व घडे के पानी को प्रतिदिन चेंज कराएं। उन्होने कहा कि आवश्यकतानुसार अतिरिक्त स्थानों पर प्याऊ संचालित करवाएं, स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित कर लू बचाव केन्द्रों, प्याऊ स्थलों में प्राथमिक उपचार की व्यवस्था कराएं।

**निर्माण कार्यो की गुणवत्ता व समयसीमा पर विशेष ध्यान** – बैठक के दौरान आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने निगम द्वारा विभिन्न मदों के अंतर्गत किए जा रहे विकास कार्यो की कार्यप्रगति की समीक्षा की। उन्होने जिला खनिज न्यास मद, अधोसंरचना मद, निगम मद,, सांसद मद, प्रभारी मंत्री मद, मुख्यमंत्री की घोषणा, सी.एस.आर.मद, विधायक, महापौर, पार्षद व एल्डरमेन मद, वित्त आयोग मद सहित अन्य विभिन्न मदों के तहत किए जाने वाले विकास व निर्माण कार्यो की कार्यप्रगति की समीक्षा करते हुए कार्यो में आवश्यक गति लाने के निर्देश दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा कि निर्माण कार्यो की गुणवत्ता व समयसीमा पर विशेष ध्यान दें, कार्यो की क्वालिटी अनिवार्य रूप से मेनटेन हों, यह सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि कार्य की गुणवत्ताहीनता पर संबंधित निर्माण एजेंसी व अभियंता पर जवाबदारी फिक्स की जाएगी। इस दौरान उन्होने निगम की साफ–सफाई व्यवस्था, स्ट्रीट लाईट, विद्युतीकरण कार्य, पेयजल आपूर्ति सहित अन्य नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुड़े कार्यो की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

बैठक के दौरान निगम के अपर आयुक्त खजांची कुम्हार, अधीक्षण अभिंयता एम.के.वर्मा एवं मनोज सिंह ठाकुर, जोन कमिश्नर ए.के.शर्मा, भूषण उरांव, अखिलेश शुक्ला, विनोद शांडिल्य, तपन तिवारी, एन.के.नाथ, उपायुक्त बी.पी. त्रिवेदी एवं पवन वर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, सुनील वर्मा, संपदा अधिकारी श्रीधर बनाफर, राजस्व अधिकारी रघुराज सिंह, अनिरूद्ध सिंह व अशोक बनाफर, सहायक अभियंता प्रकाश चन्द्रा, डी.सी.सोनकर, विपिन मिश्रा, एच.आर.बघेल, एम.एल.बरेठ, सुनील टांडे, आकाश अग्रवाल, विनोद नेताम, गोयल सिंह विमल सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।